नगर आयुक्त ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

शाहजहांपुर। नगर निगम, शाहजहॉपुर का विभिन्न मानको के तहत सर्वे 17-18 नवम्बर 2020 को क्वालिटी काउन्सिल ऑफ इंडिया (क्यू0सी0आई0) की टीम के द्वारा किया गया था । जिसके आधार पर नगर निगम शाहजहॉपुर को ओडीएफ प्लस घोशित किया गया है मंत्री व शहर विधायक सुरेश कुमार खन्ना, मंत्र व जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने नगर आयुक्त संतोष शर्मा व उनकी टीम को बधाई दी। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने नगर निगम, को ओ0डी0एफ0 प्लस होने पर स्वच्छ सर्वेक्षण- 2021 के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। इसका श्रेय उन्होनें नगर निगम की टीम वर्क को दिया। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने नगर निगम द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यो का निरीक्षण भी किया । निरीक्षण के समय-अपर नगर आयुक्त एसके सिंह,मुख्य अभियन्ता दिनेश चन्द्र सचान,महाप्रबन्धक (जल) वी0एन0 द्विवेदी उपस्थित रहे।

नगर आयुक्त द्वारा रात्रि में नगर के विभिन्न क्षेत्रों में अलाव का किया गया निरीक्षण

शाहजहांपुर (विधान केसरी)। नगर आयुक्त द्वारा नगर के केरुगंज,पक्का पुल,खिरनीबाग चौराहा,अंटा चौराहा एवं अन्य क्षेत्रों में लोगो को शीत लहर के प्रकोप से बचाव हेतु नगर निगम के द्वारा लगाये गये अलावों का निरीक्षण किया गया। जिसमें नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण स्थलों एवं नगर के विभिन्न क्षेत्रों में लग रहे अलावों को नियमित रूप से लगाये जाने तथा लकड़ी प्रयाप्त मात्रा में रखने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त के साथ अपर नगर आयुक्त एसके सिंह उपस्थित रहे।

नगर निगम का स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रतिभाग करने को कैम्प

शेखर टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। ओसीएफफैक्ट्री के सामने स्वर्ण जयंती स्टेडियम में आयोजित पढ़े शाहजहॉपुर-बढ़े शाहजहॉपुर कार्यक्रम में नगर निगम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में प्रतिभाग कराने हेतु 2 कैनोपी लगाई गई ।

मुख्य अतिथि जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह,मुख्य विकास अधिकारी प्रेरणा शर्मा, पुलिस अधीक्षक एस0 आनन्द, विधायक रोशन लाल वर्मा द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण में नगर निगम को देश में सर्वोत्तम स्थान पर लाने के लिये छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने के साथ-साथ वोटिंग करने हेतु अपील की गई।

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि 31 दिसम्बरतक चलने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में सर्वोत्तम स्थान प्राप्त करने के लिये सम्पूर्ण भारत के नगर निकाय प्रतिभाग कर रहे है। नगर आयुक्त के निर्देष पर नगर निगम द्वारा ओसीएफ फैक्ट्री के सामने स्वर्ण जयंती स्टेडियम में कैम्प लगाकर प्रतिभाग एवं वोटिंग की अपील की गई।

स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में सर्वेक्षण के दौरान पूछे जाने वाले 8 प्रश्नों एवं उनके उत्तरों के बारे में भी बताया गया । उपनगर आयुक्त आशुतोष कुमार दुबे,नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 ओ0पी0गौतम एवं समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक उपस्थित रहे।